तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 28 मई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 नारी उत्थान की प्रतीक कुशल प्रशासक...



14 हमर गांव हमर संस्कृति की अनोखी परंपरा को ...



## आगजनी : एक फड़ बड़गांव और चार फड़ परतापुर थाना क्षेत्र का

# नक्सलियों के भूमिगत होने के बाद भी तेंदूपत्ता में लगी आग, पांच फड़ में 24 लाख का पत्ता खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस के लगातार बढ़ते हुए दबाव के चलते नक्सलियों का मूवमेंट जिले में न के बराबर हो गया है, वहीं कांकेर में इस बार ठेकेदार के बजाय विभाग तेंदूपत्ता की खरीदी कर रहा है। इसके बाद भी परतापुर में चार जगह और बड़गांव में एक जगह तेंदूपत्ता फड़ को आग के हवाले हो जाते है। एक ही रात में पाँच तेंदुपत्ता फड़ में आग लगाने से कुल 24 लाख 12 हजार 300 रुपए का नुकसान हुआ है। प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज करते हुए तेंदूपत्ता में आग लगने के कारणों को खोजबीन करने के लिए जुट गई है।

- तेंदूपत्ता की लंबे समय बाद शुरू हुई सरकारी खरीदी पुलिस ने शुरू की विवेचना

जानकारी के अनुसार बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित मेण्डरा के प्रबंधक माण्डागांव निवासी 39 वर्षीय गुलाब सिंह उसेण्डी पिता जकहा राम उसेण्डी ने पुलिस को बताया कि वन परिक्षेत्र कापसी अंतर्गत संचालित तेंदूपत्ता संग्रहण फड़ मुंशियों के द्वारा प्रारम्भ कराया गया था। संग्रहण के बाद तेंदूपत्ता बोरा भर्ती कराया। बारिश के कारण बोरो को थप्पी कर तिरपाल से ढक कर रखा गया था। उक्त तेंदूपत्ता में 25 मई कि रात को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग के लगा दिया गया है। आग में जल जाने से 16 लाख 32 हजाज 400 रुपए का नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 326 (ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके अलावा परतापुर थाना में 27 मई को शिकायत करने पहुंचे प्रबंधक गुलाब सिंह उसेण्डी ने पुलिस को बताया कि परतापुर थानांतर्गत तेंदुपत्ता फड़ नदीचुआ के फड़ में रखे तेंदूपत्ता को 25 मई की मध्य रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग के हवाले कर नष्ट किया गया है। आग लगाने से 38 मानक बोरा जिसमें तेंदुपत्ता भरा हुआ था,जलकर खाक हो गया। तेंदूपत्ता जलने से लगभग 1 लाख 31 हजार 175 रुपए का नुकसान हुआ है।

इसके अलावा तेंदूपत्ता फड़ मुदला में रखे तेंदूपत्ता में 25 मई की आधी रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने 38 मानक बोरा में भरा हुए तेंदूपत्ता को आग के हवाले कर दिया, जिसकी कीमत 1 लाख 31 हजार 175 रूपएं का नुकसान हुआ है। तेंदूपत्ता फड़ कुल्ली में रखे तेंदूपत्ता में 25 मई की आधी रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया, जिससे 49 मानक बोरा में रखा हुआ तेंदुपत्ता जल गया, जिससे 1 लाख 91 हजार 400 रूपएं का नुकसान हुआ है। तेंदूपत्ता फड़ बेरकोट में रखे तेंदूपत्ता में 25 मई की आधी रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया, जिससे 122 मानक बोरा में रखा हुआ तेंदूपत्ता जल गया, जिससे 4 लाख 57 हजार 325 रुपए का नुकसान हुआ है।





### एक ही रात में पांच जगह हुई आगजनी

प्रबंधक ने परतापुर के थाना में चार जगहों पर हुई आगजनी की शिकायत किया और बड़गांव थानांतर्गत एक तेंदूपत्ता फड़ में आग लगाने का शिकायत किया है। शिकायत पर पुलिस ने सभी प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ धारा 326 (ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### नक्सलियों के भूमिगत होने के बाद लगी आग

पुलिस के बढ़ते दबाव और नियमित गश्त के चलते नक्सली बचाव मुद्रा में चल रहे है, इसलिए नक्सलियों का मूवमेंट न के बराबर है। नक्सलियों के मूवमेंट नहीं होने के बाद भी एक रात में पाँच जगह तेंदूपत्ता की फड़ पर आग लगना को लेकर सभी आश्चर्यचकित है। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज करते हुए यह पता लगाने में जुटी है कि तेंदूपत्ता में आग किस कारण से और किसके ईशारे पर लगाई गई।

### सरकारी खरीदी होने से मचा हड़कंप

सरकार ने तेंदूपत्ता की खरीदी इस बार कांकेर वनमंडल में सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जंगल में ठेकेदारों की पहुँच पर पाबंदी लगा दिया गया। ठेकेदारी खरीदी प्रथा बंद कर दिए जाने से अंदरूनी ईलाको में हडकंप मच गया। ठेकेदार से लाभ कमाने वालों को चैन की नींद नहीं आ रही है। तेंदूपत्ता में आग लगना बड़ा विषय है, इसके पीछे जो भी है, पुलिस उनके चेहरों को जरूर उजागर करेगी।

## खबर संक्षेप

### वट सावित्री पर महिलाओं ने रखा व्रत, किया पूजा पाठ



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा में बट सावित्री का व्रत महिलाओं ने पुराना तालाब के पास वट वृक्ष के नीचे सभी माताओं ने वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर उनके नीचे बैठकर श्रद्धा विश्वास के साथ बट सावित्री का पूजन की। सभी माताओं को बट सावित्री का कहानी मोहन यादव ने सुनाई। पूजा पाठ में मोहिनी यादव, टिकेश्वरी पटेल, दुर्भाशनी यदु, तुलेश्वरी पटेल, चुन्नी यादव, रश्मि यादव, दीप्ति यादव, प्रीति पटेल, साधना पटेल, लक्ष्मी पटेल, शतरूपा पटेल, मीनाक्षी पटेल, कुसुम पटेल, कामेश्वरी मरकाम, सपना मांडवी व अन्य ने हिस्सा लिया।

### राज्यपाल का चारामा विश्राम गृह में कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका कांकेर एवं कोण्डागांव जिले के प्रवास के दौरान 27 मई की सुबह 10 बजे चारामा स्थित शासकीय विश्राम गृह पहुंचे। जहाँ पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तदुपरांत राज्यपाल को पुलिस के जवानों के द्वारा गरिमामय ढंग से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने कोण्डागांव के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय एडीसी निशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

### ओपन परीक्षा आवेदन के लिए तिथि की गई घोषित

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा 2025 के तहत परीक्षा अगस्त 2025 में हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि राज्य ओपन परीक्षा रायपुर के द्वारा घोषित की गई है। प्राचार्य अजय नेताम ने बताया है कि छत्तीसगढ़ हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी ओपन राज्य परीक्षा अगस्त 2025 का फॉर्म जमा करने की तिथि 1 जून से 30 जून 2025 तक एवं विलंब शुल्क 3 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए कार्यालय में ओपन परीक्षा शाखा में पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पचांगी में सुशासन त्यौहार शिविर का कल किया जाएगा आयोजन




**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार 2025 आम जनता के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत पचागी में 29 मई को सुशासन त्यौहार शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत कलक्टर ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम पंचायत पचागी, चिखली, हामतवाही, मगहूर, करकापाल के ग्रामीण जनप्रतिनिधि क्षेत्रवार शामिल होंगे और अपनी समस्याओं को शिविर स्थल में अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

### राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर संगोष्ठी



- भाजपा मंडल कोरर के तत्वावधान में आयोजन

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल कोरर के द्वारा 27 मई को राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित, पुष्पार्पण, तिलक वंदन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान झाडूराम मंडावी ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके साथ ही मंडल प्रभारी अनूप सिंह राठौर ने भी अपनी बात रखी। सतीश लाटिया ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि बचपन, विवाह, वैधव्य, सती प्रथा का विरोध, ससुर मल्हारराव होलकर द्वारा शासन का ज्ञान देना तथा उनके द्वारा 30 वर्षों तक जन कल्याणकारी शासन संचालन जैसे पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सड़कों, मंदिरों के जीर्णोद्धार, नवीन निर्माण, तीर्थस्थलों की सेवा और प्रजा को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने जैसे कार्यों के माध्यम से एक आदर्श शासिका का उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजित संगोष्ठी में मंडल मंत्री मनीषा कुलदीप, ▶▶| शेष पेज 12 पर



## धनेलीकन्हार में बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार के संयुक्त तत्वावधान में बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम के रंगमंच में किया गया। इस सम्मान समारोह में ग्राम के प्राथमिक, माध्यमिक, सरस्वती शिशु मंदिर, हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल कि परीक्षा में कक्षा में पहले स्थान पर रहे छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हायर सेकंडरी बोर्ड 12 वीं की परीक्षा में प्रविण्य सूची में प्रथम स्थान पर रहे शाउमावि कोदागांव के छात्र अखिल सेन का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते हुए स्वामी विवेकानंद की छायाप्रति भेंट किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की दिप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना के साथ किया गया। इस सम्मान समारोह में कक्षा पांचवीं की छात्रा तृप्ति ठाकुर 90.5 प्रतिशत, हर्षिता नायक 87.5 प्रतिशत, चैतन्य रावके 83 प्रतिशत सरस्वती शिशु मंदिर के दोमन केमरो 85.5 प्रतिशत, तुषारणी निषाद 85 प्रतिशत, तनमय करबगिंया 84 प्रतिशत कक्षा आठवीं से शिवम् साहू 87 प्रतिशत, झलक जैन 81.33 प्रतिशत, वंदना नायक 79 प्रतिशत सरस्वती शिशु मंदिर से खिलेश्वरी नाग 88.50 प्रतिशत, जिज्ञासा निषाद 88.30 प्रतिशत, लालिमा 87 प्रतिशत कक्षा दसवीं से निलेश कुमार केंद्रों 82.66 प्रतिशत, सोनाली गंजीर 79.33 प्रतिशत, माही दिपक 76 प्रतिशत कक्षा बारहवीं से विक्रम निषाद 82.6 प्रतिशत, मोनिका निषाद 77.4 प्रतिशत, तामेश्वर सलाम 77 प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शहीद पामेन्द्र कांगे के स्मारक का किया गया अनावरण



**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार गत 25 मई रविवार को शहीद आर्मी जवान स्व. पामेन्द्र कुमार कांगे के स्मारक का अनावरण उनके गृह ग्राम जामपारा मरकाटोला मयाना में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने शहीद जवान के स्मारक को पुष्पमाला अर्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन आईएन सेवानिवृत्त संजय शुक्ला द्वारा स्वर्गीय जवान के माता को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त कांगे परिवार सहित जिला के भूतपूर्व सैनिकगण एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ने योग से जुड़े संगठनों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने विश्राम गृह कांकेर में योग आयोग द्वारा योग से प्राप्त कार्यक्रम में शामिल होकर योग से जुड़े योगियों, आचार्यो, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के महान अनुभवों एवं राजनीतिक दलो, स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकता कर योग आयोग के विषय में समाज कल्याण विभाग एवं पतंजलि योग के समूह की समीक्षा बैठक किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ने उपस्थित सभी संगठन से योग को लेकर कांकेर में चल रही गतिविधियों की जानकारी लिया और गतिविधियों को निरंतर बनाए रखने की बात कही। इस दौरान उन्होंने योग एवं आयुर्वेद से जुडे सभी लाभदायक क्रियाओं पर चर्चा करते हुए जानकारी आयोग के बारे में जानकारी दिया। समीक्षा बैठक के पहले छग योग आयोग के अध्यक्ष का भाजपाईयों ने स्वागत किया और जिले के बारे में कई जानकारियों से अवगत कराया। छग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बस्तर संभाग से पुराना नाता रहा है। वे भारतीय जनता पार्टी के बस्तर संभाग के संभागीय संगठन मंत्री रह चुके है। बस्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं से भी उनका गहरा नाता रहा है और संगठन में काम करते हुए उन्होंने बस्तर संभाग में भाजपा की मजबूती के लिए ठोस काम किया है। योग आयोग के अध्यक्ष ने प्रथम नगर आगमन के बाद कहा कि वे योग आयोग के माध्यम से योग को लोगो की नियमित दिनचर्या में शामिल करने के लिए कार्य कर रहे है। योग को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल चुकी है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि योग रखे निरोग यह बात पूर्णतः सत्य है जो व्यक्ति रोज योग के आसन करता है, वो योग न करने वालो की अपेक्षा ज्यादा स्वस्थ होता है।

- भाजपाइयों ने प्रथम नगर आगमन पर किया स्वागत



### राजधानी में प्रशिक्षण दिलाने की मांग



योग साधक मोहन सेनापति ने आयोग के प्रदेश अध्यक्ष से योग विद्या साधना केन्द्र सिविल लाइन के भवन की मरम्मत एवं 21 जून विश्व योग दिवस के लिए पूर्व अनुसार राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राजधानी में प्रशिक्षण दिलाने की मांग किया।

### ये रहे उपस्थित

स्वागत के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, दिलीप जायसवाल, टेकेश्वर जैन, वीरेंद्र श्रीवास्तव, दिनेश रजक, गिरधर यादव, उत्तम यादव, दीपक खटवानी एवं राजकुमार फब्यानी उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय के डिजिटाइजेशन सेंटर का प्रमुख न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रमुख न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में 27 मई को उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में फास्टर सेल एवं 5 जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, उत्तर बस्तर कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में डिजिटाइजेशन सेंटर का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कम्प्यूटराइजेशन कमेटी के चेयरमेन नरेंद्र कुमार व्यास, उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश एनके चन्द्रवंशी, राकेश मोहन पाण्डेय, रविन्द्र अग्रवाल एवं विभुदत्त गुरू उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीपति ने अपने उदबोधन में कहा कि न्यायालयों के आधुनिकीकरण एवं कम्प्यूटराईजेशन द्वारा फाइलों के बोझ ▶▶| शेष पेज 12 पर



## देशभर से 108 युवा कन्याकुमारी से लद्दाख कर रहे सड़क यात्रा

# यूनिटी ड्राइव अभियान के पोस्टर का हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष ने किया विमोचन, की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने यूनिटी ड्राइव अभियान के पोस्टर का विमोचन 26 मई को कांकेर में करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का अभिनव प्रयास बताया। उन्होंने यूनिटी फाउंडेशन के केएसआर मूर्ति, वंशी आंदूकारी, सुरेश जगवानी और डॉ. सौरभ निर्वाणी को इस अद्वितीय अभियान की पहल के लिए बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना किया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ निर्वाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनिटी ड्राइव कन्याकुमारी से लेकर लद्दाख तक एक ऐतिहासिक यात्रा है, जो महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर देश के कोने-कोने तक जा रही है। यह अभियान पूरे भारतवर्ष की एकता, अखंडता और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। इस अभियान में देशभर से 108 युवाओं, महिलाओं, प्रोफेशनल्स, संतों व महंतों का समूह शारदा पीठ (उत्तरकाशी) तक सड़क मार्ग से यात्रा कर रहा है, जो सांस्कृतिक एकता और जन-जागरूकता का एक जीवंत स्वरूप है। उन्होंने बताया कि यूनिटी ड्राइव को राष्ट्र निर्माण का आंदोलन, यह यात्रा न केवल सड़क पर चल रही है, बल्कि यह भारत की आत्मा को जोड़ने वाला आंदोलन बन चुका है, जहाँ राष्ट्रभक्ति, सेवा, नारी सशक्तिकरण और डिजिटल जागरूकता का अद्भुत संगम हो रहा है।

एक भारत - श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए यह यूनिटी ड्राइव देश में एकता और चेतना का प्रतीक बनकर उभरी है। हम सभी नागरिकों से आह्वान करते हैं कि इस अभियान का हिस्सा बनें, और राष्ट्र को जोड़ने के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें।




## राजभवन में स्काउट गाइड को राज्यपाल ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राजभवन के दरबार हाल में भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ का राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह राज्यपाल रमन डेका के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया, जिसमें भारत स्काउट एवं गाइड के स्काउट गाइड को सम्मानित किया गया। सत्र 2024 एवं 2025 में आयोजित राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफल कांकेर जिले के 9 स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राजभवन के दरबार हाल में शामिल होकर राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित होने वाले छात्राओं में पुष्पांजलि गाइड, याकांक्षा गाइड, नंदिता कुंजाम गाइड, शालिनी शोरी गाइड, मंजू गाइड, रितिका तारम गाइड, राजनंदिनी रेंजर, दामिनी मंडावी रेंजर, सुजाता नेताम रेंजर सम्मिलित रही। रेंजर लीडर ममता तारम के लीडरशिप में जिला सचिव अभिमन्यु कुंवर भी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### 19 अप्रैल को हुई पुलिस और नक्सली मुठभेड़ की होगी जांच

**कोण्डागांव।** मरकामपाल जंगल में 19 अप्रैल को हुए पुलिस–नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोण्डागांव द्वारा की जाएगी। उन्होंने इस मुठभेड़ के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर 11 जून तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने साथ ही कहा है कि घटना के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज लिखित या मौखिक कथन प्रस्तुत करने की इच्छा व्यक्त करने पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

### जंगली सुअर का मांस और हथियार सहित 3 गिरफ्तार

**बीजापुर।** इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने जंगली सुअर का शिकार करने के आरोप में मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोंगूपल्ली के पास से इन शिकारियों को दबोचा, उनके पास से 25 किलोग्राम से अधिक जंगली सुअर का मांस, हथियार और दो मोटर साइकिलें जप्त की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 मई को इंद्रावती टाइगर रिजर्व को परिक्षेत्र मद्देड़ बफर के बीट गिलगिचा के कक्ष क्रमांक 719 आरएफ में जंगली सुअर के शिकार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रिजर्व के उप निदेशक रामाकृष्ण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक संचालक संजय रौतिया, परिक्षेत्र अधिकारी रामायण प्रसाद मिश्रा, वनपाल शंकर सिंह यादव और नीरज श्रीवास्तव, वन रक्षक शंकर तलाड़ी, हरीश मांझी और मोहन अवलम और पेट्रोलिंग गार्ड कोरसा गोपाल शामिल रहे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी और जंगली सुअर का मांस ले जा रहे तीन आरोपियों को दो मोटर साइकिलों के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकारियों के पास से भारी मात्रा में सामग्री जब्त की गई है, जिसमें जंगली सुअर का मांस 25.200 किलोग्राम, एक कुल्हाड़ी, 4 चाकू, एक बड़ा छूरा, 2 मोटर साइकिल जप्त किया।

# नवागांव समाधान शिविर में उमड़ा ग्रामीण जनसैलाब

**सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसमस्याओं का हुआ प्रत्यक्ष समाधान, योजनाओं का मिला लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम नवागांव में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नवागांव सहित नाहकानार, छोटेउसरी, लखापुरी, हड़ेली, कड़ेनार, बेचा, रानापाल और मुलनार जैसे गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना।

**शिविर में इन योजनाओं का मिला लाभ** – स्वास्थ्य विभाग 4 आयुष्मान कार्ड और 5 जन्म प्रमाण पत्र जारी महिला एवं बाल विकास विभागरू 2 गोद भराई कार्यक्रम खाद्य विभाग 12 नए राशन कार्ड वितरण, राजस्व विभाग 14 जाति प्रमाण पत्र, 2 आय प्रमाण पत्र और 2 किसान किताबें, —षि विभाग 10 किसानों को धान बीज वितरण, उद्यानिकी विभाग 20 कृषकों को भिंडी, लौकी बीज और जैविक खाद इसके अलावा, शिविर में आयोजित विभागीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता कृषकों को सम्मानित किया गया।



### जल स्रोतों की रक्षा करने की दिलाई शपथ

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने, जल का अपव्यय न करने और पारंपरिक जल स्रोतों की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई और जनपद पंचायत सीईओ सुश्री आकांक्षा नायक भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और समाधान शिविर को एक सार्थक प्रयास बताया।

**बैठक:** राज्यपाल रमेन डेका का प्रथम कोण्डागांव दौरा, विकास कार्यों की समीक्षा

# पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला सशक्तिकरण पर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- एक पेड़ मां के नाम अभियान पर दिया विशेष जोर
- नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर सख्ती

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने पहले कोण्डागांव प्रवास पर जिले में संचालित विकास कार्योंर् की समीक्षा की। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को देखने के लिए फील्ड विजिट करने और हितग्राहियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जल संरक्षण और संचयन पर विशेष बल दिया और एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलाशयों और तालाबों का समुचित ध्यान रखा जाए ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके। उन्होंने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मिशन बताया और सभी को कम से कम एक पेड़ लगाने तथा दूसरों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालय परिसरों में पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने के निर्देश भी दिए।



### योग को दिया बढ़ावा

योग को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी लेते हुए राज्यपाल ने योग में निरंतरता की आवश्यकता बताई। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर उन्होंने मरीजों की संख्या को देखते हुए गंभीरता से कार्य करने, मरीजों को गोद लेने और निरंतर पोषण आहार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ड्रॉप आउट बालिकाओं को पुनः स्कूलों में लाने और उनकी उपस्थिति में निरंतरता के लिए नियमित रूप से पालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

### रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के दिए निर्देश

*राज्यपाल ने नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली और पुलिस विभाग को नशे के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह 06वीं अनुसूची का क्षेत्र है और यहां शिक्षा और चिकित्सा सेवा पहुंचाना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने आदिवासी अंचल में ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता बताई और स्वास्थ्य विभाग को रेडक्रॉस के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की स्क्रीनिंग और जागरूकता बढ़ाने को कहा। उन्होंने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूकता पर भी जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को समूहों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया, विशेषकर स्थानीय मांगों के अनुरूप गतिविधियां शुरू करने को कहा।*

### राज्यपाल का कलेक्टर व एसपी ने किया स्वागत



**कोण्डागांव।** अपने एक दिवसीय प्रवास पर कोंडागांव पहुंचे राज्यपाल रमन डेका का कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना तथा पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने स्थानीय विश्राम भवन में पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। अपने प्रथम प्रवास पर कोंडागांव पहुंचे राज्यपाल रमन डेका को स्थानीय विश्राम भवन में पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### राज्यपाल डेका ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



राज्यपाल रमेन डेका ने अपने कोंडागांव जिला के प्रवास के दौरान जिला कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मौल श्री के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार उपस्थित थे।

### टीबी मरीजों को भेंट की पोषण टोकरी



राज्यपाल रमेन डेका ने आज जिला कार्यालय में जिले के 4 टीबी मरीजों को पोषण टोकरी भेंट की। टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए अतिरिक्त प्रोटीन युक्त पोषण के लिए यह फूड बास्केट दी गई है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार उपस्थित रहे।

# खड़े ट्रक में पीछे टकराई बाइक दो युवक हुए घायल, रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



- एनएच -30 गुरुद्वारा के पास हुआ सड़क हादसा

नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन सड़क हादसे हो रहे है। सड़क दुर्घटना में कहीं लोगों की जान जा रही है तो कई लोग घायल हो रहे है। नेशनल हाइवे 30 फरसगांव नगर के गुरुद्वारा के पास सोमवार की शाम रोड में खड़ी ट्रक के पीछे बाइक टकरा गई। हादसे ने बाइक सवार मनीष मंडावी पिता श्यामलाल मंडावी लगभग 20 साल निवासी बड़ेटेमली और छबिलाल शोरी पिता संतुराम शोरी निवासी कोहकापाल बंगोली गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा दोनों घायलों को उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया । हादसे में खबर लगते ही फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद नरेंद्र गौर, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण राव अस्पताल पहुंचे और घायलों के ईलाज में मदद किए साथ ही उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी है। हादसे में मनीष मंडावी के सर और कंधे में गंभीर चोट और छबिलाल शोरी के चेहरे में चोटें आई। दोनों का घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु रायपुर रिफर किया गया ।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल



- राज्य भर के 23 शिक्षक संगठन एकजुट, मंत्रालय घेराव की दी चेतावनी

राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के खिलाफ प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं। इन संगठनों ने साझा मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को पूरा करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि नवीन सेटअप के नाम पर प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के पद कम किए जा रहे हैं। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी और युवा बेरोजगार होंगे।

शिक्षकों का कहना है कि प्राथमिक शालाओं में पांच कक्षाओं के लिए सिर्फ दो शिक्षक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में 18 पीरियड के लिए तीन शिक्षक होने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं है। इसके अलावा, शिक्षकों को जाति, निवास, आधार, छात्रवृत्ति जैसे शासकीय कार्यों में भी लगाया जाता है। अतिशेष और पद कटौती एक-एक शिक्षक की कटौती से शिक्षक अतिशेष हो जाएंगे, पदों की संख्या कम होगी और भर्ती बंद होने से युवा बेरोजगार होंगे।

**शिक्षकों की मांग-** शिक्षक संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन से निम्नलिखित चार प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की है, पहली मांग - युक्त्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। दूसरी मांग - प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो। तीसरी मांग - प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए। चौथी मांग - रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए, न कि सेटअप में कटौती की जाए।

**2008 का सेटअप लागू करने की मांग-** शिक्षक नेताओं का कहना है कि 2008 में बना सेटअप व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त था। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक 60 बच्चों पर और मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए। विशेषकर कॉमर्स के लिए 2 शिक्षक अनिवार्य हैं।

### स्थानीय महिलाओं को मिल रहे रोजगार की प्रशंसा



राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोण्डागांव जिले के प्रवास के दौरान कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फैक्ट्री में उत्पादन प्रक्रिया का जायजा लिया और वहां कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा से चर्चा कर वेतन और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने गारमेंट फैक्ट्री की सराहना करते हुए कहा कि यहां कई महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। कोंडागांव शहर में स्थित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री में 300 स्थानीय महिलाओं रोजगार मिल रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार उपस्थित रहे।

# अमावस को चांद उगायो नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



धर्मनाथ जिनालय की स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत कल रात्रि दादागुरुदेव की जीवनी पर आधारित महत्वपूर्ण प्रसंग अमावस को चांद उगायो नाटिका की प्रस्तुति दी गई जिसमें जैन समाज के ही सदस्यों ने अभिनय किया। मार्गदर्शन गुंटूर के रमेश पोरवाल ने किया व भजनों की प्रस्तुति हैदराबाद के अंशुल कोठारी ने दी। लगभग 3 घंटे तक इस नाटिका में दर्शक दीर्घा खचाखच भरी हुई थी। छोटे व बड़े सभी उम्र के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया। कुशल संगठन की महिला शाखा इसके लिये एक माह से तैयारियों में व्यस्त थी। सुबह मंदिर प्रांगण में दादागुरुदेव की पूजा हुई जिसमें खैरागढ़ से आये भजन गायक संभव लुनिया ने पूजा करवायी व गुरु भक्ति से सराबोर भजन गाया। मंदिर में प्रतिदिन पूजा व भगवान व गुरुदेव की भव्य आंगीरचना की जा रही है।



# ग्राम पतोड़ा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत पतोड़ा में मंगलवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानकु राम नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत फरसगांव एवं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 09 पंचायतों को दिया गया। शिविर का शुभारंभ मानकु राम नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत फरसगांव, श्रीमती कल्ता मण्डावी जिला पंचायत सदस्य, जदूराम नाग उपाध्यक्ष श्रीमती रैमती कोर्राम जनपद सदस्य श्रीमती अमरबती नेताम, श्रीमती लीलावती नेताम जनपद सदस्य एवं 09 ग्राम पंचायत सरपंच, पंच गांयता पुजारी के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 193 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 54 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। मानकूराम नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के करकमलों से ग्रामीणों को 15 सब्जी मिनी किट, 15 मनरेगा जॉब कार्ड, 12 केसीसी किसान कार्ड, 10 मच्छर दानी, 06 आयुष्मान कार्ड, 28 राशन कार्ड, 17 जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया।

### जिले के कराते खिलाड़ियों का किया सम्मान



राज्यपाल रमेन डेका ने आज जिला कार्यालय में जिले के कराते खिलाड़ियों का सम्मान किया, जिन्होंने इसी माह भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कराते चौम्पियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सम्मानित खिलाड़ियों में 9 वर्षीय अखिल वर्मा और काव्यांश कश्यप के साथ ही 14 वर्षीय गरिमा वर्मा भी शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### राजमाता अहिल्या बाई...

पंचूराम नामक, डाकेश साहू, थानसिंह साहू, हेतराम साहू, उदय जैन, शंकर यादव, राजेश पाण्डेय, कुबेर कोसमा, ईश्वर यदु , कुलेश्वर नेताम, मनीष तारम, सगनू राम उईके, कृपाराम पटेल, दिलिप चुरेन्द्र, नारद घरत, नरोतम बढ़ाई व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धनेलीकन्हार में बोर्ड...

का गुलदस्ता भेंट कर कापी, पुस्तक व पेन भेंट किया गया। आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुलोचना मेश्राम व जनपद सदस्य सरस्वती केमरो अध्यक्षता, ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार की सरपंच मधु विजय मंडावी व उपसरपंच वेद कुमार औरसा ने किया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नितेश सलाम, मिथलेश मंडावी, ग्राम पंचायत कोदागांव सरपंच दुजबाई नेताम, प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक प्रमिला ठाकुर, सशिमं के प्रधानाचार्य संगीता मानिकपुरी रहे। इस अवसर पर उपेश्वर ठाकुर, गजेन्द्र सिंह पोटाई, मनोज गंगबेर, रमेश साहू, विजय मंडावी, मानसा राम साहू, धनराज बारला सहित ग्राम पंचायत के सभी पंच व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### जिला न्यायालय के...

से अधिवक्तागण, न्यायाधीशगण एवं कर्मचारियों को राहत मिलेगा। इसके साथ ही प्रकरणों से संबंधित दस्तावेजों को त्वरित प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होगी, जिससे न्यायालयीन कार्यवाहियां का शीघ्र निष्पादन में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर धमतरी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने भी उद्बोधन किया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर आनंद कुमार ध्रुव द्वारा मुख्य न्यायाधीपति का आभार प्रकट किया गया। इसके साथ ही जिला न्यायालयों के आधुनिकीकरण एवं अधोसंरचना के लिए त्वरित वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन करने के लिये कृतज्ञता व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर के न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कासोली में आयोजित हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह में ग्राम पंचायत कासोली 2 के सरपंच दिलीप नेताम, उपसरपंच शैलेन्द्री कश्यप, गणमान्य नागरिक नंदलाल राठौर, भूतपूर्व सरपंच लखमू नेताम, क्रिकेट समिती से राकेश नाग, संजय राठौर, सुजीत, दिनेश नेताम समिति के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे। उद्‌घाटन मैच कासोली फाइटर और सोनार पारा गीदम के मध्य खेला गया जिसमें कासोली फाइटर ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन करवाने हेतु समिति के सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### टेंट लगाते करंट से बुजुर्ग की मौत



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कोसमी से एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। लोगों ने मौत का लाइव मंजर देखा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। कोसमी गांव में शादी समारोह के लिए मंडप तैयार करने के काम में जुटे उपनपाल निवासी 65 वर्षीय सफी पिता मुनीफ बिजली तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि शामियाना खड़े करने के लिए सफी लोहे का पाईप ले जा रहा था। तभी पाईप झूलते हाई टेंशन लाइन के तार से टकरा गया और सफी करंट की जद में आ गया। बिजली का झटका लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा औरतड़प तड़प कर उसने दम तोड़ दिया। बकावंड पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस बिजली विभाग और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं बिजली विभाग बकावंड के असिस्टेंट इंजीनियर आकाशी ने बताया कि विभाग को मामले की जानकारी दी गई है अब नियमानुसार उनके परिजनों को मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### बैठक में राजस्व प्रकरणों की हुई गहन समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ राजस्व से संबंधित कार्यों को समय पर और दक्षता के साथ संपन्न करें। कलेक्टर ने कहा कि नामांकन, सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, किसान-किताब, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे राजस्व मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हर माह दो दिन मिलेगा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व परामर्श एवं जांच सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत सुकमा जिले में माह के 9 और 24 तारीख को विशेष प्रसवपूर्व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह अभियान केवल 9 तारीख को आयोजित होता था, लेकिन अब इसे हर माह दो बार आयोजित किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक गर्भवती महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं। अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं चिन्हांकित उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा दल की तैनाती की गई थी।



### सुरक्षित मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य में सुधार

इस योजना के माध्यम से गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही की महिलाओं को एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी जटिलताओं की पहचान कर समय पर इलाज और परामर्श दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जो एएनसी सेवाओं से छूट गई हैं या अधूरी सेवाएं प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सभी गर्भवती और शिशुवती महिलाओं से अपील की है कि वे प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाएं।

## जिले के प्रभारी सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ली बैठक

# पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

आज संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जिले के प्रभारी सचिव सौरभ कुमार द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

इस वर्चुअल बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी सचिव ने शिक्षा विभाग से संबंधित आगामी शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन, छात्रों के जाति, आय, निवास प्रमाण बनाए जाने की कार्यों की प्रगति, तथा गणवेश एवं पाठ्‌यपुस्तक वितरण को समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके



साथ ही उन्होंने शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व शाला भवनों का आवश्यक मरम्मत, शौचालय, पीने का पानी की समुचित व्यवस्था, शिक्षकों एवं छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर स्कूल शिक्षा समिति और पालकों की बैठकों के आयोजन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया। इस बैठक में उन्होंने जिले के निर्माणाधीन पोटाकेबिन शिक्षण संस्थानों को समय-सीमा में पूर्ण करने को भी कहा। इसी प्रकार कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में जैविक कृषि को बढ़ावा दिए जाने वाले प्रयासों को भी उल्लेखनीय बताया साथ ही उन्होंने कहा कि परंपरागत कृषि के अलावा गैर परम्परागत एवं व्यवसायिक फसलों की कृषि के संबंध में स्थानीय कृषकों को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही उनके द्वारा जिले में लक्ष्य अनुरूप किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय योजना, एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को भी शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने, को कहा। इसके साथ ही आगामी खरीफ वर्ष के संबंध में पर्याप्त खाद-बीज भण्डारण, की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी लेते हुए उनके द्वारा ग्रीन मैन्योर शीड का वितरण कराने का निर्देश दिया गया।

इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के अद्यतन, प्रगति, 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों हेतु प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के क्रियान्वयन, नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत ग्रामों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ मानसून के दौरान मौसमी बीमारियों के रोकथाम उपचार हेतु पर्याप्त दवाईयों के भण्डारण तथा सर्प दंश जैसी घटनाओं को रोकने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य रूप से एन्टीवेनम दवाइयों को रखा जाना सुनिश्चित करने को कहा।

इसके साथ ही माओवाद संबंधित अप्रिय घटनाओं के दौरान त्वरित चिकित्सा उपचार हेतु जिला अस्पताल में चिकित्सकों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था पर्याप्त दवाई का उपलब्धता सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम की संचालन समिति शिव शक्ति शिक्षण समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक चर्चा पूर्व समिति अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी ने मां भारती की पूजा अर्चना की। उसके पश्चात कोषाध्यक्ष व व्यवस्थापक द्वारा विगत वर्ष का आय व्यय एवं आगामी वर्ष 2025 - 26 हेतु अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विद्यालय के शुल्क यथावत है किसी प्रकार की परिवर्तन नहीं किया गया। बैठक में बिंदुवार सभी विषयों पर चर्चा की गई। विद्यालय में भैया बहिनो को समुचित व्यवस्था जैसे शुद्ध पेयजल, पंखा, बिजली आदि को व्यवस्थित करने के लिए कहा गया। विद्यालय प्रारंभ पूर्व विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने के लिए अध्यक्ष ने कहा। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाए। विद्यालय में इस वर्ष बस का संचालन व्यवस्था भी होगा। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आग्रह किया की विद्यालय में सबको समय देना चाहिए आप सबका सुझाव सहयोग हेतु अपेक्षित है। विद्यालय में शिशु कक्षा के लिए झूला, फिसल पट्टी, सुंदर बगीचा, मैदान का सौंदर्यीकरण पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था, मैदान में बिजली की व्यवस्था, प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष स्टाफ रूम, सभाकक्ष, दो अतिरिक्त व्यवस्थित कक्ष तथा पुराने बस स्टैंड में स्थित विद्यालय का जीर्णोद्धार करने के लिए सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी प्रस्तावों को स्वीकृती प्रदान कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा समिति ने सभी आचार्य दीदीयो और भैया बहनों को शुभकामनाएं दी व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हम खुद आगे आकर जिम्मेदारी नहीं उठाएंगे तब तक हमारा समाज मजबूती से आगे नहीं बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

धाकड़ समाज कल्याण समिति जिला बस्तर का बैठक श्री माता मावली मंदिर जगदलपुर में रखा गया। जिसमें जिला पदाधिकारी क्षेत्र अध्यक्ष सचिव एवं ग्रामीण सदस्य उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज आज की स्थिति में बहुत कमजोर दिखाई पड़ रहा है, कहीं भी किसी भी

- **धाकड़ समाज की हुई बैठक**

नियमावली का पालन सही नही किया जा रहा है। एकता की बात सभी करते है किन्तु एकजुट होकर किसी भी कार्य को करने की बारी आती है तो सभी पीछे हट जाते है। यह हमारे समाज की कमजोरी है। ज़ब तक हम खुद आगे आकर जिम्मेदारी नहीं उठाएंगे तब तक हमारा समाज मजबूती से आगे नही बढ़ेगा। इसके लिए हमें अथक प्रयास करना चाहिए। ग्राम बैठक कर ग्राम प्रमुखों को उनकी दायित्व के बारे में बताना होगा जागरूक करना होगा। बैठक कार्यक्रम में 5 प्रकरण लिखित तौर पर प्राप्त हुआ



### चित्रकोट राम मंदिर निर्माण को लेकर हुई चर्चा

बैठक में बहुत सारे सदस्यों ने चित्रकोट राम मंदिर निर्माण को लेकर काफी प्रश्न किया। इस संबंध में जिला सचिव राजू राम ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर निर्माण कार्य जिला पदाधिकारी एवं राम मंदिर निर्माण समिति मिलकर लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के सचिवों को दायित्व सौंपा गया था। जिन्होंने आज पर्यंत तक आय व्यय की जानकारी समाज को प्रदान नहीं किया एवं निर्माण कार्य अवरुद्ध कर दिया गया। आगामी तिथि को क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा में जिला पदाधिकारी एवं राम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी मिलकर बैठक कर पुनः राम मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

था जिनका निराकरण जिला सदस्य एवं क्षेत्र सदस्यों के माध्यम से होना था संबंधित प्रकरणों का निराकरण के लिए समिति की ओर से उमाशंकर ठाकुर को आज के सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। जिसमें सहयोगी मुरली सिंह ठाकुर, शशिन्द्र ठाकुर, बीएस ठाकुर, हाकिम सिंह ठाकुर रहे।

दोनों पक्षो की बातों को सुना गया सभी प्रकरणों की बारीकी से जाँच कर समिति अध्यक्ष एवं सहयोगी ने गंभीरता से निर्णय सुनाया है, जिसमें कुछ प्रकरण तत्काल कार्यक्रम स्थल में ही निराकरण किया गया तथा जिस पक्ष के सदस्य अनुपस्थित रहे उनको कारण बताओ नोटिस जारी कर लंबित अवस्था में आगामी तिथि में दोनों पक्षो के समक्ष निराकरण करने का निर्णय लिया गया है।

# बिजली संकट से निजात में ग्रामीणों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

नगर पंचायत बस्तर हाइवे से लगे वार्डों में बिजली आपूर्ति की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान इस बार खुद ग्रामीणों ने मिलकर निकाला। बिजली के खंभों और

- **पेड़ों की कटाई कर खुद सुलझाई वर्षों पुरानी समस्या**

तारों पर पेड़ों की डंगालें उलझ जाने के कारण आए दिन बिजली बाधित हो रही थी, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। समस्या से तंग आकर ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग पर निर्भर रहने की बजाय स्वयं आगे



बढ़कर पेड़ों की कटाई में सक्रिय सहयोग दिया।

ग्रामीणों ने आपसी समन्वय से पेड़ों की छंटाई कर बिजली तारों के मार्ग को साफ किया। इस अभियान में विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी शामिल हुए। खास बात यह रही कि विद्युत विभाग के सहायक अभियंता नन्दलाल काशी स्वयं तेज धूप में खड़े होकर पूरे कार्य की निगरानी करते रहे, जिससे विभागीय कार्यवाही में पारदर्शिता और त्वरित गति बनी रही। इस कार्य में थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं स्टाफ ने भी मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा और समन्वय की भूमिका निभाई।

इस सामूहिक प्रयास में पार्षद बीरसिंह मौर्य, समीर मिश्रा, राम प्रसाद मौर्य, मनोज कश्यप, और पुष्कर बघेल जैसे स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया।

ग्रामीणों की इस पहल ने एक उदाहरण पेश किया है कि जब आमजन जागरूक होकर किसी समस्या के समाधान में भागीदार बनते हैं, तो परिणाम अवश्य सकारात्मक आते हैं।

यह सामूहिक प्रयास न केवल तकनीकी समस्या के समाधान का जरिया बना, बल्कि क्षेत्रीय एकता और जनसहयोग का आदर्श भी बन गया।

# महतारी वंदन योजना बना सुनीता के लिए मुश्किल वक्त का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का यह महत्वाकांक्षी योजना जिले के आदिवासी बहुल छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुकानार की ग्रामीण महिला सुनीता नाग के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत इन प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग उनके बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है।

राज्य शासन की इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम कुकानार निवासी सुनीता ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि मेरे लिए हर तरह से उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे बहुत ही साधारण ग्रामीण परिवार की घरेलू महिला है। उनका परिवार थोड़ी बहुत खेती-किसानी एवं मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती हैं।

### कलेक्टर ने आवश्यक तैयारी मानसून के पूर्व सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज विभिन्न विभागों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आपदा प्रबंधन, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ आपदा को लेकर राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून में अतिवर्षा के कारण आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां करें एवं बाढ़ से निपटने के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकासखण्ड कोंटा शबरी नदी के किनारे बसे होने के कारण डुबान क्षेत्र में आता है। इसके अलावा गोदावरी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण शबरी नदी के पानी से कोंटा सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में आंशिक रूप से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।



# घायल से मिलने अस्पताल पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

गत रात्रि तोकापाल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सड़क दुर्घटना घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही विधायक विनायक गोयल तत्काल मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायज़ा लेते हुए घायल कार्यकर्ता को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर करवाया।

विधायक स्वयं मेडिकल कॉलेज पहुँचे और वहां उपस्थित चिकित्सकों से चर्चा कर शीघ्र और समुचित इलाज प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उपचार में किसी भी प्रकार की देरी या कमी न हो। विधायक ने कहा मैं ईश्वर से समर्पित कार्यकर्ता के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। पार्टी के हर कार्यकर्ता का सुख-दुख मेरा अपना है और मैं सदैव उनके साथ खड़ा हूँ। भाजपा संगठन अपने हर कार्यकर्ता को परिवार का हिस्सा मानता है और संकट की इस घड़ी में पार्टी पूरी तरह उनके साथ है।

# सुशासन तिहार में सुमेंद्र व 7 हितग्राहियों को मिला ट्राईसिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे व अंतिम चरण में समाधान शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आज छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकानार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत कुकानार के अलावा ग्राम पंचायत टांगररास, बोकड़ाओड़ार, पेदारास, पेंदलनार, डोलेरास, बोदारास और पालेम के ग्रामीणों से प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन और






गर्भवती माताओं की गोदभराई की। जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में 7 हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग के द्वारा ट्राईसिकल वितरण कर चाबी प्रदान किया गया। इसके साथ ही पात्र 12 हितग्राहियों को नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, पंचायत विभाग के द्वारा 5 हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड तथा 4 किसानों को किसान किताब का वितरण किया गया। समाधान शिविर में महिला आयोग सदस्य सुश्री शोरी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष कुंजाम और सदस्य मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबोधित किया।

समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुष विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने आधार कार्ड बनवाया तथा आधार अपडेशन भी करवाया।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका शोरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत कुकानार मंगल दई बघेल, सरपंच रामबती बघेल, भीमा मंडावी, बुधराम नाग, संध्या दुधी सहित, तहसीलदार इरशाद अहमद, सीईओ जनपद पंचायत पीके गुप्ता, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संजय पांडे तथा अन्य ग्रामों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### युवतियों को मिला ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**बस्तर।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रेक्टीसनर का निःशुल्क प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 25 मई तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को संस्थान द्वारा पूर्व प्रशिक्षणार्थी महेश्वरी पोयाम के पार्लर में एवं जगदलपुर में स्थित कई कॉस्मेटिक दुकानों में विजिट कारवाया गया। जिसके माध्यम से प्रशिक्षणार्थीयों को पार्लर एवं उसमें लगने वाले मशीनरी एवं सामानो की जानकारी मिल सके और वे प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके। प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के निदेशक किरण कुमार लुगुन एवं संकाय सदस्यो द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं बैंकिंग की जानकारी दी गई। डी.एस.टी. प्रशिक्षक शाहिना हुसैन के द्वारा ब्यूटी पार्लर प्रेक्टीसनर की जानकारी दी गई।संस्थान द्वारा विभिन्न प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण, भोजन एवं रहने की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। इच्छुक युवक/युवती जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बींच हो।

